दिनांक : 16.06.2024 समय : 07.10pm

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन ने छिंदवाडा जिले के अमरवाडा में 122 करोड़ 70 लाख रूपयों के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, उपज बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों को किसानों से सीधे संपर्क करना चाहिए।
- प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए अनुशंसाएं आमंत्रित, राज्य एवं जिला स्तरीय समितियां गठित।
- प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी, राजधानी भोपाल समेत 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी ।

**मुख्यमंत्रीः छिंदवाडा**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन ने आज छिंदवाडा जिले के अमरवाडा में 122 करोड़ 70 लाख रूपयों के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। अमरवाडा उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली विजय के बाद मुख्यमंत्री यहां पहुंचे थे।

## चौहान - कृषि उत्पाद

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वैज्ञानिकों को उपज बढ़ाने के लिए किसानों से सीधे संपर्क करना चाहिए। श्री चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 96वें स्थापना दिवस के उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने सहित सरकार के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिकों, विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान केंद्रों से जुडे सभी लोगों को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। श्री चौहान ने कहा कि आज भी देश की आधी आबादी अपनी जीविका चलाने के लिए कृषि पर निर्भर है और कृषि सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता का क्षेत्र है।

## सर्वदलीय बैठक

सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू कामकाज के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख से अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। केंद्रीय बजट 23 जुलाई को प्रस्तुत किया जाएगा। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा।

## राष्ट्रपति – सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और आर. महादेवन को सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह वर्तमान में जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, जबकि न्यायमूर्ति आर. महादेवन मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं।

## पीएम जनमनः शहडोल

शहडोल जिले में बैगा बसाहटों को चिन्हित कर वहां निवास करने वाले जनजातीय परिवारों का जीवन स्तर बेहतर करने का प्रयास जारी है। जिले के 463 बैगा बसाहटों में विकास कार्य शुरु हो चुके हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पीएम आवास के साथ ही विद्युतीकरण, आयुष्मान कार्ड, मोबाइल टॉवर के अलावा पक्की सड़क बनाने का काम जारी है। आंगनबाड़ी भवन और बहुउद्देश्यीय भवन का काम जल्द शुरू होगा। एक अगस्त को 5 बैगा बाहुल्य गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया जाएगा। जिले में 17 हजार 173 बैगा हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया जाना हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

प्रदेश में वर्ष 2024 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की प्रक्रिया प्रचलन में है। प्रत्येक जिले से 3 उत्कृष्ट शिक्षकों की अनुशंसाएं आमंत्रित की गईं हैं। उत्कृष्ट अनुशंसाओं के चयन के लिये जिला और राज्य स्तर पर चयन समितियां गठित की गई हैं। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की ऑनलाइन प्रक्रिया की समय सारणी तैयार की है। जिला स्तरीय चयन समिति 3 अनुशंसाएं 25

जुलाई तक राज्य स्तर पर भेज सकेंगे। राज्य स्तरीय चयन समिति "नेशनल ज्यूरी" नई दिल्ली को राज्य से 6 उत्कृष्ट शिक्षकों की अनुशंसाएं 4 अगस्त तक भेज सकेंगे। केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग ने उत्कृष्ट शिक्षकों के चयन के लिये निर्धारित मापदंड की गाइड लाइन स्कूल शिक्षा विभाग को दी गई है।

**नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल**

जबलपुर में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में याचिका दायर कर नर्मदा तट से लगे 15 जिलों के कलेक्टरों पर जुर्माना लगाने की मांग की गई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांत अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि याचिका में कहा गया है कि एनजीटी ने पूर्व में अवमानना मामले की सुनवाई करते हुए नर्मदा तटीय अतिक्रमणों और अवैध निर्माणों को हटाने के दिशा–निर्देश जारी किए थे, लेकिन तीन वर्ष बीतने के बावजूद उनका समुचित पालन नहीं हुआ।

**दुग्ध दाम बढे**

मध्यप्रदेष स्टेट डेयरी को–ऑपरेटिव फेडरेषन ने अपने सांची दूध के दामों में बढोत्तरी की है। मंगलवार को जारी नई दरों के अनुसार फुल क्रीम दूध गोल्ड के पांच सौ मिली ग्राम के पैकेट की कीमत 33 रूपए से बढाकर 34 रूपए गए हैं। एक लीटर के दूध के दाम दो रूपए बढाए गए हैं। दुग्ध संघ के प्रबंध संचालक ने बताया कि डीटीएम 180 एमएल के दाम यथावत रहेंगे। नई दरें कल से प्रभावी होंगी।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। इंदौर में सुबह से तेज बारिश हो रही हैं। मौसम विभाग ने राजधानी भोपाल समेत 15 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में भी पानी गिरने की संभावना है। बारिश की वजह से प्रदेश के बड़े डैमों में पानी का लेवल भी बढ़ा है। सीहोर के कोलार, शहडोल के बाणसागर, खंडवा के ओंकारेश्वर, जबलपुर के बरगी, नर्मदापुरम के तवा डैम, भोपाल के कलियासोत डैम में एक से दो फीट तक पानी बढ़ गया है। लगातार तेज बारिश होने से लेवल और भी बढ़ जाएगा। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी गुना, इंदौर, धार, मांडू, खरगोन, महेश्वर, खंडवा, ओंकारेश्वर, सीहोर, नरसिंहपुर, सिवनी में बिजली के साथ भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है । रायसेन, विदिशा, भोपाल, सागर, देवास, शाजापुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ में बिजली के साथ मध्यम गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। शहडोल जिले में अब तक 259 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। बीते साल के मुकाबले बारिश का यह आंकड़ा कम है। किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है।

**समाचार संक्षेप**

- भोपाल जिले के शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालय बालक छात्रावास बड़वई में अध्ययनरत और अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को आज फिजिकल ट्रेनिंग दी गई।
- लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र पटेल ने आज रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम सिलगेना और चंदपुरा पहुंचकर मूंग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होने के निर्देष दिए।
- अधिकारी और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति तय करने के लिए नर्मदापुरम सम्भाग के सभी शासकीय कार्यालयों में फेस आईडी मशीन लगाई लगाने के निर्देश नर्मदापुरम संभागायुक्त केजी तिवारी ने दिए हैं।
- सागर में राहतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम एरन मिर्जापुर के पास यात्री बस और आयशर ट्रक में भिड़ंत से बस में सवार 14 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। 2 घायल यात्रियों की इलाज के दौरान मौत हो गई।
- देवास में आज कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देष दिए।
- **शिवपुरी में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप कल आयोजित किया जाएगा।**

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री डॉ मोहन ने छिंदवाडा जिले के अमरवाडा में 122 करोड़ 70 लाख रूपयों के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, उपज बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों को किसानों से सीधे संपर्क करना चाहिए।
- प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए अनुशंसाएं आमंत्रित, राज्य एवं जिला स्तरीय समितियां गठित।
- प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी, राजधानी भोपाल समेत 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी ।